PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Fri, 26 May 2017, Page 11
Width: 19.90 cms, Height: 20.34 cms, a3, Ref: 32.2017-05-26.98

झारखंड : गंगा पर पुल और एम्स का बड़ा तोहफा मिला

पटना | विशेष संवाददाता

प्रधानमंत्री ने तीन साल में झारखंड को तीन बड़े तोहफे दिए हैं। इनमें सबसे बड़ा तोहफा साहिबगंज में गंगा नदी पर बनने वाला पुल है। छह किलोमीटर लंबा यह पुल झारखंड में साहिबगंज से बिहार के मनिहारी तक जाएगा। यह झारखंड से बिहार के लिए नया रूट खोलेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद इस पुल का शिलान्यास किया है। इस पुल के निर्माण से राज्य के लोगों को सड़क मार्ग से जाना और आसान हो जाएगा। दूसरा तोहफा देवघर के देवीपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना का है। इसके बनने से कम से कम 16 जिलों के बाशिंदों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिल सकेंगी।

अभी राज्य में सबसे बड़ी चिकित्सा सुविधा रिम्स में ही मिलती है। तीसरा तोहफा हजारीबाग जिले के गोरिया-करमा में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी भारत स्थित केंद्र के रूप में स्थापना का है। इससे झारखंड में कृषि विकास को गति मिलेगी।

उपलब्धियां

278
एकड़ की जमीन देवीपुरा में झारखंड एम्स के लिए चिन्हित की जा चुकी है

1954
करोड़ रुपये का बजट को मंजूरी दी साहिबगंज मनिहारी बाईपास के लिए

311
किलोमीटर लंबे गोविंदपुर-जमातारा-दुमका-साहिबगंज हाईवे का लोकार्पण